an>

Title: Need to construct an approach road to Swarnagiri Fort in Jalore District, Rajasthan.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र स्थित जालौर जिले का स्वर्णगिरि दुर्ग एक हजार साल का ऐतिहासिक वैभव समेटे हुए है। इस दुर्ग से स्थापत्य कला का सौन्दर्य झलकता है। जालौर का स्वर्णगिरि दुर्ग शौर्य व देशभक्ति का अनुकरणीय उदाहरण है। मुस्लिम आक्रांताओं ने जब जालौर पर आक्रमण किया तो वे असफल रहे और काफी समय बाद वे इस दुर्ग पर कब्जा कर सके थे। यह स्वर्णगिरि दुर्ग जिला का प्रमुख पर्यटन स्थल है लेकिन इस ऐतिहासिक स्थल तक पहुंचने के लिए कोई भी सुगम रास्ता नहीं है। दुर्ग तक पहुंचने के लिए 2 हजार सीढ़ियों की दुर्गम चढ़ाई है। इस स्थिति में बाहर से यहां आने वाले लोग या पर्यटक यहां नहीं पहुंच सकते। इसके लिए दुर्ग तक एप्रोच रोड जरूरी है।

अतः जालोर जिला में पर्यटक को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक स्वर्णगिरि दुर्ग तक एप्रोच रोड का निर्माण केन्द्रीय सड़क निधि से करवाने का श्रूम करें।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Nandi Yellai – not present; Shri P.R. Senthilnathan – not present.